दैनिक जागरण 25/11/2025

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नैनो मेडिसिन ने लाई क्रांति

जासं • अंबाला : डा. रोहित दत्त प्रिंसिपल जीएमएन कालेज ने आरकेएसडी कालेज ऑफ फार्मेसी व एसोसिएशन आफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स आफ इंडिया (एपीटीआई), हरियाणा राज्य शाखा द्वारा आयोजित नैनो मेडिसिन्स हेल्थकेयर में एक बहुआयामी दृष्टिकोण विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यथिति शिरकत की।

उन्होंने कहा कि नैनो मेडिसिन ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, जिससे लक्षित दवा वितरण, बेहतर निदान और व्यक्तिगत चिकित्सा संभव हुई है। नैनोमैटेरियल्स आज आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के युग में जैविक और चिकित्सा अनुप्रयोगों के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे बेहतर जैव संगतता, नियंत्रित दवा रिलीज़, सटीक लक्ष्य क्षमताओं और जैविक प्रणालियों के साथ बातचीत के लिए अनुकूल बड़े सतह क्षेत्र की पेशकश करके पहले से हल नहीं हो सकने वाले रहस्यों और असंभव उपचारों को साकार करने में सक्षम बनाते हैं। सम्मेलन में विभिन्न व्याख्यान, शोध पत्र प्रस्तुतियां और पोस्टर सत्र शामिल थे, जिनमें नैनो मेडिसिन्स में नवीनतम अनुसंधान को प्रदर्शित किया गया।

जीएमएन कालेज में कायक्रम के दौरान अतिथि को सम्मानित करते हुए।

इस मौके पर आरकेएसडी कालेज आफ फार्मेसी के प्रेसिडेंट नवनीत, प्राचार्य डा. रश्मि मनचंदा, चेयरमैन अशोक शोरेवाल आदि मौजूद रहे।